आकाशवाणी चंडीगढ़

31 जनवरी 2025, समय 1810

समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सरकार, सुधार, कार्य निष्पादन और परिवर्तन के लक्ष्य के साथ देश के विकास और लोक कल्याण के लिए अभूतपूर्व गति से काम कर रही है।

  प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि बजट सत्र विकसित भारत का लक्ष्य को प्राप्त करने में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास पैदा करेगा।

  आर्थिक सर्वेक्षण में वित्त वर्ष-2025 में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया।

  केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारामन कल केंद्रीय बजट पेश करेगी।

  राष्ट्रीय खेलों में आज हैंडबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की बेटियों ने केरल को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा बरकरार रखा।

************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि विश्वभर में अस्थिरता के बीच भारत आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता के एक स्तंभ के रूप में दुनिया के सामने उदाहरण पेश कर रहा है। राष्ट्रपति आज संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार, सुधार, कार्य निष्पादन और परिवर्तन के लक्ष्य के साथ देश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व गति से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट में पूंजी व्यय 11 लाख करोड रूपये रखा गया जो एक रिकार्ड है। उन्होंने कहा कि दस वर्ष पहले यह मात्र दो लाख करोड रूपये था।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 तक देश की भावी पीढियां, निश्चित रूप से एक विकसित, सुदृढ, सक्षम और समृद्ध भारत की गवाह बनेंगी।श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर

देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पांच लाख 36 हजार करोड़ रूपया खर्च किए जाने की योजना है।राष्ट्रपति ने कहा है कि उनकी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 साल और उससे ऊपर के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा लाभ देने का फैसला किया है। श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्यान युवाओं की शिक्षा और रोजगार के नये अवसर पैदा करने पर है। उन्होंने बताया कि एक करोड़ युवाओं को देश की पांच सौ बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप उपलब्ध करायी जाएगी।द्रौपदी मुर्मू कहा कि सरकार ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए डिजिटल प्रोद्योगिकी को माध्यम के रूप में अपनाया है। उन्होंने कहा कि कृतम मेधा के क्षेत्र में भारत ने ए आई मिशन शुरू किया है। राष्ट्रपति ने डिजिटल भुगतान व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि छोटे दुकानदार इससे लाभ उठा रहे हैं।

**********************************************************************

राष्ट्रपति भवन ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज संसद में अपने संबोधन के दौरान किसी भी समय थकी हुई नहीं दिखीं। कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेताओं की टिप्पणियों ने उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है और यह अस्वीकार्य है। राष्ट्रपति भवन ने ऐसी टिप्पणियों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का मानना है कि समाज के हाशिए पर मौजूद समुदायों, महिलाओं और किसानों के लिए बोलना कभी भी थकाने वाला काम नहीं हो सकता।कांग्रेस के नेता शायद हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के मुहावरे और प्रवचन से परिचित नहीं हैं और शायद इसलिए उन्होंने ऐसी टिप्पणी की है।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि संसद का बजट सत्र 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास पैदा करेगा। मीडिया को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 में जब भारत अपनी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे करेगा, तब देश, विकसित भारत के अपने संकल्प को पूरा करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि व्यापक मंथन के साथ ऐसे कानून बनाए जाएंगे जो देश की ताकत बढ़ाने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति के गौरव को पुनः स्थापित करने, जाति-पाति के भेद से मुक्त होकर प्रत्येक महिला को सम्मानजनक जीवन तथा समान अधिकार दिलाने के लिए इस सत्र में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने संसद के सभी सदस्यों से देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की अपील भी की।

**********************************************************************

**********************************************************************

वित्त वर्ष-2025 में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 6.4  प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है और वित्त वर्ष 2026 में यह वृद्धि  6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। आज संसद के दोनों सदनोंमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में यह अनुमान लगाया गया। आर्थिक सर्वेक्षण में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि घरेलू अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है। इसमें उल्लेख किया गया है कि सतत आर्थिक विकास में कृषि और सेवा क्षेत्र  का योगदान रहा है। रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन और अनुकूल कृषि परिस्थितियों के कारण ग्रामीण मांग में सुधार देखा जा रहा है। सर्वेक्षण में इस बातपर प्रकाश डाला गया है कि कमजोर वैश्विक मांग और घरेलू मौसमी परिस्थितियों के कारण विनिर्माण क्षेत्र को दबाव का सामना करना पड़ा। सर्वेक्षण में देश की मध्यम अवधि की विकास क्षमता को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर के संरचनात्मक सुधारों और विनियमन के माध्यम से देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने पर  जोर दिया गया है। सर्वेक्षण में बताया गया है कि 2011-12 में स्थिर मूल्यों पर देश  का सकल घरेलू उत्पाद वित्त वर्ष 2025की पहली तिमाही में 6.7 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 5 .4 प्रतिशत बढ़ा है। इसका मतलब है कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि छह प्रतिशत होगी। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में कृषि विकास स्थिर रहा, जबकि दूसरी तिमाही में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई।

**********************************************************************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल केंद्रीय बजट पेश करेंगी।आम लोगों को इस बजट में विभिन्न क्षेत्रों में सुधार व प्रोत्साहनों के साथ ही अर्थव्यवस्था को गति दिए जाने व जनता को राहत प्रदान किए जाने की उम्मीद है।पंचकूला के उद्योगपति रजनीश गर्ग को बजट  से काफी उम्मीद है।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आज चंडीगढ़ में पंजाब एवं हरियाणा सिविल सचिवालय की केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट के नए परेड ग्राउंड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सी.आई.एस.एफ. की भूमिका को रेखांकित करते हुए डॉ. जोशी ने कहा कि यह बल देश के महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाता है और किसी भी सुरक्षा खतरे का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम है।

**************************************************************************

उत्तराखंड में चल रही राष्ट्रीय खेलों में आज टिहरी जिले के शिवपुरी में हुई  हैंडबॉल प्रतियोगिता में महिला वर्ग के अंतिम मुकाबले में हरियाणा की बेटियों ने केरल को हराकर स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा बरकरार रखा। पिछले राष्ट्रीय खेलों में भी हरियाणा की महिला वर्ग की हैंडबॉल टीम ने स्वर्ण पदक जीता था।हरियाणा महिला हैंडबॉल टीम की कप्तान प्राची ने कहा कि इसका श्रेय उनके कोच जुगमेंद्र सिंह को जाता है जिन्होंने दिन-रात एक कर उन्हें इस लायक बनाया।